दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 16 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-79

सीएम को लेकर नहीं बनी सहमति, फिर से राहुल गांधी के घर पहुंचे भूपेश, टीएस, ताम्रध्वज और चरणदास...

रायपुर. छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के चार दिन बाद भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश का मुखिया तय नहीं कर पाई है. शनिवार सुबह कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के घर पर बैठक के बाद पर्यवेक्षक खड़गे के निवास में चारों मुख्यमंत्री पद के दावेदारों की बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री के नाम को लेकर असंतोष उभर के आने के बाद एक बार फिर राहुल गांधी के घर फिर भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत और ताम्रध्वज साहू के साथ पीएल पुनिया पहुंच गए हैं. वहीं बैठक में सोनिया गांधी के भी पहुंचने की बात कही जा रही है. इससे उम्मीद की जा रही अब जो फैसला आएगा वह अंतिम होगा, जिसकी घोषणा रायपुर में की जाएगी. दिल्ली में बदल रही परिस्थितियों के बीच शाम 5 बजे रायपुर में मुख्यमंत्री पद के चारों दावेदारों के साथ तमाम नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक टल सकती है. गौरतलब है कि रायपुर में विधायकों की बैठक में सीएम पद के लिए नाम ऐलान के साथ ही प्रदेश की जनता को भी नाम से अवगत कराया जाएगा.

सीएम को लेकर बढ़ा विवादः टल सकता है 17 को शपथ ग्रहण,18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के मौके पर हो सकता है शपथ ग्रहण

सीएम को लेकर बढ़ा विवाद ही नजर आ रहा है। सबसे पहले 15 दिसम्बर हो सीएम शपथ ग्रहण समारोह का ऐलान किया गया था, उसके बाद 15 को निरस्त कर 17 को या 18 शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तिथि घोषित की गई थी अब 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती के मौके पर हो सकता है शपथ ग्रहण ऐसा माना जा रहा है-सूत्र

महत्वपूर्ण एवं खास

सोनिया के गढ़ में पीएम मोदी का दौरा कल

लखनऊ (आरएनएस)। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की पराजय के बीच राफेल सौदे पर सुप्रीम कोर्ट से राहत की संजीवनी मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के सियासी गढ़ रायबरेली का दौरा करेंगे। कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की अध्यक्ष सोनिया तथा उनसे पहले भी नेहरू-गांधी परिवार का राजनीतिक दुर्ग रहे रायबरेली का मोदी का यह पहला दौरा होगा।

पाक उच्चायोग से गायब हुए 23 भारतीय सिखों के पासपोर्ट

सुरक्षा एजेंसियों की उड़ी नींद

नई दिल्ली। पाकिस्तान उच्चायोग से कथित तौर पर 23 भारतीयों सिखों के पार्सपोर्ट गायब हो गए है। ये उन भारतीयों के पासपोर्ट है, पाक स्थित गुरुद्वारों में दर्शन के लिए जाने वाले थे। इस मामले को लेकर सरकार अलर्ट हो गई है। इनमें से एक करतारपुर साहिब भी शामिल है, जिसके लिए पिछले महीने ही भारत और पाकिस्तान में गलियारे के निर्माण का शिलान्यास किया गया था।

हार्ट अटैक से सहायक आरक्षक की मौत

सुकमा। सुकमा जिले के एर्राबोर में सहायक आरक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। आज सुबह हुए इस घटना को लेकर जवानों ने दुख जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक आरक्षक कटटम नागेश को शनिवार सुबह हार्ट अटैक आ गया। इसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

अलग-अलग मकानों के निर्माण की फोटो जमा कर निकाल ली राशि, जांच शुरू

भिलाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर जमीन-मोर मकान का फर्जी तरीके से लाभ लेने का मामला सामने आया है। कथित हितग्राही ने अलग-अलग मकानों की फोटो जमा कर के तीन किस्तों की राशि निकाल ली है। मकान पूर्ण होने के बाद जब अंतिम किस्त की बारी आई तब इस मामले की शिकायत हो गई। शिकायत होने के बाद निगम ने इसकी जांच शुरू कर दी है। निगम ने हितग्राही को नोटिस जारी कर इस फर्जीवाड़े के संबंध में जवाब मांगा है।

दूसरे दिन कंगारुओं पर जमकर बरसे कोहली-रहाणे, भारत 172/3

पर्थ। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में 326 रन पर सिमट गई. इसके बाद पहली पारी खेलने उतरी टीम इंडिया ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट गंवा कर 172 रन बना लिए हैं. अजिंक्य रहाणे (51 रन) और विराट कोहली (82 रन) क्रीज पर हैं.

अशोक गहलोत को जेड+ सुरक्षा दी

जयपुर। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अशोक गहलोत को जेड+ सुरक्षा दी।

कमलनाथ के शपथग्रहण में शामिल होंगे विपक्ष के बड़े नेता

भोपाल। कमलनाथ के शपथग्रहण में शामिल होंगे विपक्ष के बड़े नेता, अखिलेश, मायावती, तेजस्वी, चंद्रबाबू नायडू होंगे शामिल, 17 दिसंबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह।

आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु में चक्रवात की सूचना के बाद हाई अलर्ट पर तटरक्षक

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा और ओंगोल क्षेत्र में 17 दिसंबर को गंभीर चक्रवात की आशंका के मद्देनजर भारतीय तटरक्षक ने अपने जवानों को हाई अलर्ट कर दिया है। बल की तरफ से समुद्र में गए मछुआरों के जानमाल की रक्षा के लिए ऐहतियाती उपाय शुरू कर दिए हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार स्थानीय मौसम विभाग ने गहरे दबाव के गंभीर चक्रवात के रूप में बदलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

मुठभेड़ के दौरान झड़प में 6 की मौत

कमांडर जहूर ठोकर समेत 3 आतंकी ढेर

श्रीनगर (आरएनएस)। पुलवामा में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान स्थानीय लोगों से सुरक्षाबलों की झड़प के दौरान हुई फायरिंग में तीन आतंकियों और छह नागरिकों के मारे जाने की खबर है। आतंकियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को शनिवार को उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली, जब पुलवामा में हुए एनकाउंटर में हिज्बुल मुजाहिदीन के कमांडर जहूर ठोकर को मार गिराया गया। मुठभेड़ के दौरान एक जवान भी शहीद हो गया।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राइफल्स के जवान औरंगजेब की हत्या में जहूर का नाम सामने आया था। ऐसे में इसे सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। मुठभेड़ के दौरान हिज्बुल के तीन आतंकियों को ढेर कर दिया गया। शनिवार तड़के सुरक्षाबलों को खबर मिली कि पुलवामा के सिरनू गांव में दो से तीन आतंकी छिपे हुए हैं। आतंकियों की मौजूदगी का इनपुट मिलने के बाद सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया और आतंकियों को घेर लिया। घंटों चली मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने हिज्बुल कमांडर जहूर ठोकर समेत तीन आतंकियों को मार गिराया।

आतंकी संगठन में शामिल होने से पहले जहूर टेरिटोरियल आर्मी से जुड़ा हुआ था। मुठभेड़ के दौरान एक जवान भी शहीद हो गया। पुलवामा में मुठभेड़ स्थल के पास सुरक्षाबलों के साथ स्थानीय लोगों की झड़प हो गई। मुठभेड़ का विरोध कर रहे लोगों ने इस दौरान सुरक्षाबलों पर पथराव किया। इसके बाद हालात पर काबू पाने के लिए सुरक्षाबलों ने कई राउंड फायरिंग की। आमिर अहमद और आबिद हुसैन नाम के दो युवकों को बुलेट इंजरी आई थी। अस्पताल लाए जाने पर उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मोबाइल इंटरनेट सेवाएं सस्पेंड

डॉक्टरों का कहना है कि गोली लगने से घायल कई नागरिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान चार लोगों ने दम तोड़ दिया। इस झड़प के बाद से इलाके में हालात तनावपूर्ण हैं और पुलवामा में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को सस्पेंड किया गया है। इसके साथ ही जम्मू इलाके में बनिहाल टाउन से कश्मीर घाटी के लिए रेल सेवाओं को भी रद्द कर दिया गया है। ज्ञात हो कि इससे पहले बुधवार को बारामुला में भी सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बुधवार शाम को सोपोर के बर्थ कलां इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

पीएम मोदी ने वल्लभभाई पटेल को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश के पहले उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 68वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने ट्वीट किया, महान सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करता हूं। उनके विचार, समृद्ध कार्य और भारत की एकता के प्रति मजबूत प्रयास भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। कांग्रेस पार्टी ने भी पटेल को याद किया। इसने एक ट्वीट में कहा, सरदार वल्लभाई पटेल, जिन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है, स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री और उप प्रधान मंत्री थे। आगे कहा, कांग्रेस पार्टी के एक वफादार नेता, उन्होंने बहादुरी से अंग्रेजों से लड़ाई की और देश को एकजुट करने के लिए अथक रूप से काम किया।

राफेल सहित कई मुद्दों पर हंगामे की भेंट चढ़ा शीतकालीन सत्र का पहला सप्ताह

नई दिल्ली (आरएनएस)। राफेल सौदे सहित अन्य कई मुद्दों पर हंगामे के कारण संसद के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में लगातार गतिरोध बना रहा तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की बैठक पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। राफेल मुद्दे पर सत्ता पक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने के लिए कहा गया वहीं कांग्रेस ने इस सौदे की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग की। राफेल सौदे में शीर्ष अदालत के फैसले की पृष्ठभूमि में गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कांग्रेस और पार्टी अध्यक्ष पर राजनीतिक फायदे के लिए देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी इस मामले में सदन और देश से माफी मांगें। सिंह ने गांधी पर निशाना साधते हुए उन पर सरकार को बदनाम करने का प्रयास करने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आज के फैसले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को इस सदन से और देश से माफी मांगनी चाहिए। सिंह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, इनके (कांग्रेस के) ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इनके शासन में मंत्री तक भ्रष्टाचार के मामलों में जेल गए।

उन्होंने कहा कि ये (कांग्रेस) तो यही चाहते हैं कि हम तो डूबेंगे सनम, तुमको भी ले डूबेंगे।इस दौरान भाजपा के सदस्य राहुल गांधी माफी मांगो के नारे लगा रहे थे। वहीं तेलुगु देशम पार्टी के सदस्य आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जे की मांग को लेकर तथा अन्नाद्रमुक के सदस्य कावेरी पर बांध के निर्माण का विरोध करते हुए आसन के समीप नारेबाजी कर रहे थे।

सीमा पर महिलाओं की तैनाती से जवानों पर लगेंगे ताक-झांक के आरोप

सेना प्रमुख रावत का बड़ा बयान

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेना प्रमुख बिपिन रावत ने महिलाओं को सीमा पर तैनात करने को लेकर बड़ा बयान दिया है। रावत का कहना है कि अगर महिलाओं को सीमा पर भेजा जाता है तो वह साथी जवानों पर ताक-झांक का आरोप लगाएंगी।

सेना प्रमुख ने कहा कि एक वक्त वह युद्ध की भूमिका में महिलाओं को भेजने की पेशकश पर तैयार थे, लेकिन फिर लगा कि ज्यादातर जवान ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और वह महिला अधिकारियों के ऑडर स्वीकार करने में अहसज महसूस कर सकते हैं। रावत ने कहा कि महिलाएं अभी सीमा पर जंग के लिए भेजे जाने के लिए तैयार नहीं हैं, इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि उन पर बच्चों की जिम्मेदारी होती है और वह फ्रंटलाइन में कपड़े जेंच करने में असहज महसूस करेंगी। वह हमेशा साथी जवानों पर ताक-झांक का आरोप लगाएंगी।

रावत ने कहा कि इंजीनियर के तौर पर महिला अधिकारी हैं। वे खनन और कागजी कार्रवाई का काम कर रही हैं। वायु रक्षा में वे सेना के हथियार प्रणालियों का प्रबंधन कर रही हैं।

हमने महिलाओं को फंटलाइन में नहीं रखा है। क्योंकि अभी हम कश्मीर में प्रॉक्सी वॉर में व्यस्त हैं। रावत ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक महिला 7-8 साल से सेना में नौकरी कर रही थी। एक घटना में उसकी मौत हो गई। उसका एक 2 साल का बच्चा है। उसके माता पिता दिल्ली या चंडीगढ़ में बच्चे की देखभाल कर रहे हैं।

सहपाठी छात्र से बात करना छात्रा को पड़ा महंगा, भाई ने रेता गला

समस्तीपुर (आरएनएस)। बिहार के समस्तीपुर जिले के पूसा थाना क्षेत्र में एक छात्रा के लिए अपने सहपाठी लड़के से बात करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि छात्रा के भाई को सहपाठी छात्र से अपनी बहन का बात करना इतना नागवार गुजरा कि उसने अपने दोस्त की मदद से बहन का ही गला रेत दिया। घायल अवस्था में छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, मोहनपुर की रहने वाली छात्रा पास के ही काशीपुर स्थित एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने जाती थी। वह उसी कोचिंग में पढ़ने वाले एक छात्र से वह बात किया करती थी। दो दिन पूर्व छात्रा अपने सहपाठी छात्र से बात कर रही थी, तभी छात्रा का भाई छोटू भी वहां पहुंच गया। घर आकर छोटू ने अपनी बहन को काफी भला-बुरा कहा। यह सुनकर छात्रा नाराज होकर अपनी बड़ी बहन के घर चंदौली गांव चली गई।

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को उसका भाई छोटू अपने दोस्त चंदन के साथ चंदौली गांव पहुंचा और उसे मोटरसाइकिल से लेकर अपने गांव लौटने लगा। आरोप है कि रास्ते में श्रीरामपुर गांव के समीप एक बगीचे में छोटू ने मोटरसाइकिल रोक दी और चंदन के साथ उसके गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। छात्रा के चिल्लाने की आवाज सुनकर खेत में काम करने वाले मजदूर पहुंच गए तब दोनों आरोपी वहां से भाग गए।

अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील का भाई अनवर अबू धाबी एयरपोर्ट से गिरफ्तार

नई दिल्ली। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील के भाई अनवर को अबू धाबी के एयरपोर्ट पर कस्टम्स एंड अबू धाबी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है. अनवर के पास पाकिस्तान का पासपोर्ट है. गिरफ्तारी के बाद भारतीय दूतावास छोटा शकील के भाई अनवर को अपने गिरफ्त में लेने की कोशिशों में जुटा है, जबकि पाकिस्तानी दूतावास भी उसे पकड़ने की कोशिश में लगा हुआ है. पाक का दावा है कि अनवर के पास पाकिस्तान का पासपोर्ट है, इस लिहाज से उसे सौंपा जाना चाहिए. स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि अनवर के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद उसे पकड़ा जा सका. अनवर बाबू शेख के खिलाफ पहले से ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी है.अनवर के बारे में कहा जाता है कि वह आईएसआई के साथ काम कर रहा है और भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल है.

ट्राम पलटने से दो बच्चों सहित 28 लोग घायल

लिस्बन (आरएनएस)। पुर्तगाल में एक ट्राम के पलटने से शुक्रवार को दो बच्चों सहित कम से कम 28 लोग घायल हो गए। पुर्तगाल के पब्लिको न्यूज चैनल ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना स्थानीय समय के अनुसार शाम छह बजे हुई। दुर्घटना में घायल हुए बच्चे ब्रिटेन के निवासी हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर 50 से अधिक राहत एवं बचाव दल तथा दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे।

इंडिगो फ्लाइट में बम की अफवाह, एक घंटे के बाद भरी उड़ान

मुंबई (आरएनएस)। इंडिगो के मुंबई से दिल्ली होकर लखनऊ जाने वाली फ्लाइट में बम रखे होने की खबर मिली, जिसके बाद शनिवार को उसे उड़ान भरने से रोक दिया गया। सूत्रों ने बताया कि बम धमकी आकलन समिति (बीटीएसी) ने इस खबर को गंभीरता से लिया। विमान को खाली स्थान पर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि बाद में सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को सुरक्षित घोषित कर दिया। इस घटना पर इंडिगो की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। विमान को सुबह छह बजकर पांच मिनट पर उड़ान भरनी थी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि विमान में कितने यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के एक सूत्र ने बताया, गो एयर फ्लाइट जी8-329 से दिल्ली जा रही एक महिला यात्री टी-1 पर इंडिगो के चेक-इन काउंटर पर गई और वहां बताया कि इंडिगो की फ्लाइट 6ई 3612 में बम है। सूत्र ने बताया कि महिला यात्री ने कुछ लोगों की तस्वीरें भी दिखाई और दावा किया कि वे राष्ट्र के लिए खतरा हैं।